卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 200 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦27 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया


## अधिवक्ता ने खुद को गोली से उड़ाया

### कार के भीतर खून से लथपथ मिला शव, सुसाइड नोट भी मिला

नैनीताल (उद संवाददाता)। सरोवर नगरी के कलेक्ट्रेट एवं जिला न्यायालय परिसर में सोमवार दोपहर उस समय





सनसनी फैल गई, जब एक कार के भीतर वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन सिंह भाकुनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच के अनुसार, अधिवक्ता ने अपनी ही पिस्टल से खुद को गोली मारकर जीवनलीला समाप्त कर ली। इस हृदयविदारक घटना से न्यायिक परिसर और अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे कलेक्ट्रेट पार्किंग से गुजर रहे कुछ लोगों और अधिवक्ताओं की नजर वहां खड़ी एक कार पर पड़ी। कार के भीतर लॉन्ग व्यू कंपाउंड निवासी अधिवक्ता पूरन सिंह भाकुनी खून से लथपथ अवस्था में पड़े थे। उनके एक हाथ में पिस्टल देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और भारी संख्या में अधिवक्ता मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने जब कार का दरवाजा खोलकर देखा तो अधिवक्ता की मौत हो चुकी थी, उनके सिर पर गोली लगी थी। पुलिस को घटनास्थल की जांच के दौरान कार के डैशबोर्ड से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार और पिकअप की भिड़ंत में युवक की मौत,एक गंभीर

हरिद्वार । बहादराबाद कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह पिकअप और अज्ञात कार के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मेवाड़ कला कलियर निवासी 23 वर्षीय दीपक और 26 वर्षीय वरुण पिकअप वाहन से कपड़े बेचकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बहादराबाद धनौरी मार्ग पर पथरी पुल के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दीपक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि वरुण गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया, वहीं वरुण का उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पत्नी के बच्चों संग जाने से क्षुब्ध युवक ने दी जान

**पेड़ से लटका मिला शव, सितारगंज के बलीनगर की घटना**

सितारगंज (उद संवाददाता)। बलीनगर निवासी एक 25 वर्षीय युवक का शव सोमवार सुबह घर के पास पेड़ से लटका हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पत्नी के बच्चों को लेकर घर से चले जाने के कारण युवक के मानसिक तनाव में होने की बात कही है। जानकारी के अनुसार बलीनगर निवासी सलीम पुत्र शराफत अली का शव सोमवार की सुबह घर के नजदीक एक पेड़ पर लटका हुआ बरामद हुआ। परिजनों ने बताया कि करीब 10 दिन पहले सलीम की पत्नी अपने चार मासूम बच्चों को लेकर कहीं चली गई थी। इसके बाद से सलीम काफी परेशान रहने लगा था और लगातार अपनी पत्नी व बच्चों की खोजबीन कर रहा था। पत्नी का पता न चलने के कारण वह गहरे मानसिक तनाव में था। पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी छोटे बच्चों को लेकर सरकारी अस्पताल (शेष पृष्ठ सात पर)

## नैनीताल बैंक से 77 करोड़ की धोखाधड़ी

### बंधक मशीनरी और स्टॉक किया गायब,सिडकुल की फर्म पर मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर। सिडकुल पंतनगर स्थित एक ऑटो पार्ट्स निर्माता कंपनी द्वारा नैनीताल बैंक के साथ 77 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक में बंधक रखी गई करोड़ों की मशीनरी और प्लांट को खुर्द-बुर्द करने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर थाना पंतनगर पुलिस ने कंपनी के तीन डायरेक्टरों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नैनीताल बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अपूर्व पाण्डेय ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मैसर्स रूद्रा ऑटो टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टरों विशाल सिंह, उनकी पत्नी स्वीटी सिंह (निवासी हल्द्वानी) और गीता शाह (निवासी अल्मोड़ा) ने बैंक की सिविल लाइन्स रूद्रपुर शाखा से समय-समय पर विभिन्न लोन खातों के माध्यम से लगभग 77 करोड़ 8 लाख रुपये का कर्ज लिया था। यह ऋण प्लांट, मशीनरी और कार्यशील पूंजी के लिए स्वीकृत किया गया था, जिसके बदले कंपनी की मशीनरी और स्टॉक बैंक के पास बंधक रखा गया था। तहरीर के अनुसार, ऋण की किस्तें जमा न करने पर जनवरी 2019 में खाते एनपीए हो गए। बैंक ने वसूली के लिए सरफेसी एक्ट के तहत जिला मजिस्ट्रेट और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में वाद दायर किया, जहां फैसला (शेष पृष्ठ सात पर)


## ऑनलाइन ट्रक बुकिंग के नाम पर व्यवसायी से डेढ़ लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑनलाइन ट्रांसपोर्टर खोजकर सामान मंगवाना एक व्यवसायी को भारी पड़ गया। जालसाजों ने ट्रक बुकिंग के नाम पर 80 प्रतिशत एडवांस रकम डकार ली और मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रगति विहार सिविल लाइन्स निवासी राहुल चौहान पुत्र रमेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच दिन से लापता युवक का शव खाई में मिला

### नवनियुक्त सीओ अंजना नेगी ने खुद खाई में उतरकर की जांच पड़ताल

नैनीताल । बीती 22 अप्रैल की रात से रहस्यमय ढंग से लापता दीपक उपाध्याय का शव रविवार को 80 मीटर गहरी खाई में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सर्च ऑपरेशन के दौरान नवनियुक्त सीओ अंजना नेगी ने साहस का परिचय देते हुए खुद गहरी खाई में उतरकर शव तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया।जानकारी के अनुसार रानीखेत निवासी दीपक उपाध्याय हल्द्वानी मार्ग स्थित भूजियाघाट के एक होटल में कार्य करता था। वह 22 अप्रैल को अपने तीन साथियों के साथ नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में आया था। बताया जा रहा है कि उस दौरान सभी नशे की हालत में थे और इसी बीच दीपक अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद जब दीपक का कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों और मित्रों ने 23 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी।लापता युवक की खोजबीन के लिए पुलिस, एसडी आरएफ, ड्रोन और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया। युवक की अंतिम लोकेशन टूटा पहाड़ के आसपास मिलने के कारण इस क्षेत्र के जंगलों और दुर्गम स्थानों को बारीकी से छाना गया। हिंसक वन्यजीवों (शेष पृष्ठ सात पर)



## पारिवारिक कलह के चलते युवक फांसी पर झूला

रुद्रपुर। पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। युवक अपने पीछे पत्नी और एक मासूम बच्चे को छोड़ गया है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 32, भूरारानी निवासी 24 वर्षीय सोनू पुत्र नीरज किराए के मकान में रहता था। उसकी करीब दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी और उसका एक वर्ष का बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह उसने पत्नी और बच्चे को एक कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी और खुद दूसरे कमरे में चला गया, जहां उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।कुछ देर बाद जब पत्नी ने दरवाजा खुलवाने के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दरवाजा खोलकर जब दूसरे कमरे में देखा गया तो सोनू फंदे पर लटका मिला। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई।प्रारंभिक तौर पर युवक की आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह को कारण बताया जा रहा है। वहीं, क्षेत्र में कुछ लोग युवक के नशे का आदी होने की भी चर्चा कर रहे हैं और यह भी कहा जा रहा है कि नशा न मिलने के कारण उसने यह कदम उठाया। हालांकि, इन बिंदुओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। युवक मजदूरी का कार्य करता था।



## खुलेआम मुस्लिम समाज को दी गई टिप्पणी पकड़ रही तूल

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी कह चुके कि ऐसे लोगों के खिलाफ कानून को करनी चाहिए कारवाई

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में 20 अप्रैल को हुई एक घटना के दौरान एक कांग्रेसी नेता द्वारा मुस्लिम समाज के प्रति की गई टिप्पणी अब तूल पकड़ती जा रही है। यहां आपको बता दें कि सोशल मीडिया के जरिए एक युवक के महिला के घर पहुंचने और उसके बाद हुए हंगामे के दौरान कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास पद्वारा मुस्लिम समाज के प्रति की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी विवाद का विषय बन गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भी इस मामले को गंभीर मानते हुए आपत्तिजनक बयान देने वाले के खिलाफ कानूनन कार्रवाई की बात कही है। खटीमा निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर खुद को हिंदू बताकर एक महिला से दोस्ती की थी। कुछ समय बाद जब महिला को युवक के दूसरे धर्म से होने की जानकारी मिली तो उसने उससे बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि इसके बावजूद युवक 20 अप्रैल को महिला के घर पहुंच गया और वहां हंगामा करने लगा। शोर- शराबा सुनकर (शेष पृष्ठ सात पर)



## करनी अपनी ,दोष मीडिया पर मढ़ रहा

रुद्रपुर। कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास की आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले को लेकर विभिन्न वर्गों के लोग अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं, अर्जुन विश्वास अपने बयान पर खेद जताने के बजाय मीडिया पर आरोप लगाते हुए कह रहे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उनका दावा है कि उन्होंने कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की और उनके कथन को (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुस्लिम समाज की खामोशी पर उठे सवाल

रुद्रपुर। कांग्रेस नेता द्वारा मुस्लिम समाज के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी के बाद जहां एक ओर मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज की प्रतिक्रिया को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।समाज से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह की टिप्पणी किसी अन्य दल, विशेषकर भाजपा के नेता या कार्यकर्ता द्वारा की जाती, तो व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन देखने को मिलते। हालांकि, इस मामले में अपेक्षित (शेष पृष्ठ सात पर)

# चारधाम दर्शन के लिए उमड़े तीर्थयात्री

देहरादून। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार विगत शनिवार सायं 7:00 बजे तक श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ, श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम में 02 लाख 38 हजार 590 तीर्थयात्रियों ने दर्शनों का पुण्य लाभ प्राप्त किया। शनिवार को 55 हजार 998 से तीर्थयात्री चार धाम पहुंचे। श्री बदरीनाथ धाम में कपाट खुलने की तिथि 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 37,884 तीर्थयात्री पहुंचे। शनिवार को धाम में 13,107 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 1,24,782 तीर्थयात्री पहुंचे। शनिवार को धाम में 31,160 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 75,924 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। श्री यमुनोत्री धाम में 38,206 तीर्थयात्रियों ने तथा श्री गंगोत्री धाम में 37,718 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।श्री केदारनाथ धाम यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर उत्तराखण्ड सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए सुदृढ़ प्रबंधन की चारों ओर सराहना हो रही है। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे श्रद्धालु यात्रा व्यवस्थाओं से अत्यंत संतुष्ट नजर आ रहे हैं और खुले शब्दों में प्रशासनिक प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं।गाजियाबाद निवासी श्रद्धालु मोनू तोमर ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारी संख्या में श्रद्धालुओं के बावजूद जिस प्रकार से सुनियोजित ढंग से व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं, वह अत्यंत सराहनीय है।



उन्होंने विशेष रूप से टोकन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से अल्प समय में सहज एवं सुगम दर्शन संभव हो पा रहे हैं।उन्होंने पैदल मार्ग पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, सुव्यवस्थित एवं स्पष्ट साइनेज, हेल्पलाइन नंबरों की उपलब्धता, सुरक्षा बलों की सतत तैनाती तथा विभिन्न स्थानों पर त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं को यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और नि:संकोच यात्रा पर आएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट के. दिवाकर ने अपने प्रथम केदारनाथ दौरे के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने हेतु की गई व्यवस्थाएं उच्च स्तर की हैं। उन्होंने हेली सेवाओं के सुचारु, सुरक्षित एवं समयबद्ध संचालन की विशेष सराहना की। साथ ही आईटीबीपी, उत्तराखण्ड पुलिस एवं प्रशासन द्वारा प्रभावी भीड़ प्रबंधन एवं अनुशासित व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों को भी अत्यंत प्रशंसनीय बताया।रोहतक (हरियाणा) निवासी श्रद्धालु सोमवीर नैन ने बताया कि यात्रा से पूर्व खाद्य सामग्री की उपलब्धता को लेकर उन्हें कुछ आशंकाएं थीं, किन्तु धाम पहुंचने पर उन्होंने पाया कि सरकार एवं प्रशासन द्वारा भोजन की समुचित एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है और सभी आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध हैं। समग्र रूप से श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं श्रद्धालु-हितैषी बनाने के लिए उत्तराखण्ड सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रभावी, सुविचारित एवं सराहनीय हैं, जो इस पवित्र यात्रा को और अधिक सुगम एवं यादगार बना रहे हैं।

## 20 मई को हेमकुंड साहिब यात्रा पर रवाना होगा पहला जत्था

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की। उन्होंने आगामी यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।इस दौरान अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को 20 मई 2026 को हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 के पहले जत्थे के विदाई समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। यात्रा व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि हेमकुंड साहिब यात्रा को सफल सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि 20 मई 2026 को हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 के पहले जत्थे का विदाई समारोह आयोजित होगा। इस पहले जत्थे का नेतृत्व पारंपरिक रूप से पंज प्यारों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 के कपाट 23 मई 2026 को खुलने वाले हैं। लाखों श्रद्धालु इस पावन यात्रा में शामिल होकर गुरु गोबिंद सिंह की पावन तपोभूमि के दर्शन करेंगे।



## बाजपुर में सालाना जोड़ मेला एक मई को

गदरपुर (उद संवाददाता)। बुद्ध पूर्णिमा एवं गुरु अमर दास के प्रकाश पर्व को समर्पित 58वां सालाना सत्संग समारोह श्री निर्मल तख्त तालाब बाबा बुड्ढा जी स्थान नंबर चार, खेड़ा नवाबगंज में एक मई को श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र की संगत में खासा उत्साह है।श्री निर्मल तख्त के बाबा बलजीत सिंह ने बताया कि सालाना सत्संग हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जा रहा है। आयोजन में 29 अप्रैल से 3 मई तक बाबा भगवंत भजन सिंह विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल बुधवार को शाम 7 से 9 बजे तक आत्मदर्शी सत्संग होगा। 30 अप्रैल को प्रात: 5 से 7 बजे तक सत्संग और सुबह 10 बजे श्री संपुट सप्ताहिक अखंड पाठ के भोग डाले जाएंगे। इसके बाद 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भारी दीवान सजाए जाएंगे। मुख्य आयोजन 1 मई 2026 शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर होगा, जिसमें सारा दिन धार्मिक दीवान सजेंगे। इस दौरान दूर-दराज से आए रागी, ढाढी, प्रचारक, कथावाचक और कविश्री जत्थों द्वारा हरिजस गायन किया जाएगा। कार्यक्रम में पंजाब के भाई वीर सिंह नामधारी, भाई रतन सिंह, भाई सुखदेव सिंह और भाई जसपाल सिंह विशेष रूप से शामिल रहेंगे। बाबा बलजीत सिंह ने बताया कि आयोजन के दौरान संगत के साथ बचन-विलास, बच्चों के नामकरण, दस्तार सजाने और दसवंध की अरदास जैसे धार्मिक संस्कार संपन्न होंगे। गुरु का लंगर लगातार जारी रहेगा। उन्होंने समस्त क्षेत्रीय संगत से निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## जजों की टीम ने जीता क्रिकेट मैच, अधिवक्ता 20 रनों से हारे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार स्टेडियम में शुक्रवार को बेंच और बार के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। जजों और वकीलों के बीच हुए इस कड़े मुकाबले में हाई कोर्ट जजों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।मैच की शुरुआत बार एसोसिएशन द्वारा टॉस जीतकर हुई, जिसमें उन्होंने जजों की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जजों की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 179 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी अधिवक्ताओं की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करती नजर आई और निर्धारित ओवरों में 159 रन ही बना सकी। इस तरह जजों की टीम ने 20 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के समापन पर खिलाड़ियों को उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। अनिरुद्ध को उनके शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा प्रदीप मणि त्रिपाठी को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, मनोज मोहन को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और राजेंद्र डोभाल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के खिताब से नवाजा गया। जज रविन्द्र मैठाणी को सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया, हालांकि फील्डिंग के दौरान वह चोटिल भी हो गए। इस आयोजन के दौरान बेंच और बार के बीच बेहतर समन्वय और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला।




## मासूम बेटी के साथ संदिग्ध हालातों में महिला लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला अपनी चार साल की मासूम बेटी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कुछ पता नहीं चला, तो पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। शिव मंदिर के पास निवासी नरेश शर्मा पुत्र नवल किशोर शर्मा ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे उनकी 30 वर्षीय पत्नी ममता शर्मा घर से बिना बताए कहीं चली गई। जाते समय वह अपनी चार साल की छोटी बेटी मानवी को भी साथ ले गई है। नरेश ने बताया कि काफी देर तक जब पत्नी और बेटी घर नहीं लौटे, तो उन्होंने उनकी खोजबीन शुरू की। उन्होंने अपने सभी रिश्तेदारों और जान पहचान के लोगों के यहाँ भी संपर्क किया, लेकिन कहीं भी उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। नरेश शर्मा के अनुसार, उनकी पत्नी ममता शर्मा का कद लगभग 5 फुट है और रंग सांवला है। घर से जाते समय उन्होंने पीले रंग का सूट और सलवार पहनी थी। उनकी एक विशेष पहचान उनके हाथ पर गुदे हुए सितारे हैं। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी पत्नी और बच्ची का पता न चलने से परिवार काफी परेशान है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और लापता महिला व बच्ची की तलाश शुरू कर दी है।

## उचक्कों ने उड़ाए इलेक्ट्रिकल इंजीनियर व रिजर्वेशन सुपरवाइजर के कीमती फोन

### रुद्राक्ष गार्डन के समीप सब्जी मार्केट में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र के जसपुर खुर्द इलाके में रुद्राक्ष गार्डन के समीप लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजार में रविवार शाम उचक्कों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए दो लोगों की जेब से कीमती मोबाइल फोन उड़ा दिए। भुक्तभोगियों में से एक रेलवे में रिजर्वेशन सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है तो दूसरे ने खुद को इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बताया। सरे शाम घटी इस वारदात के बाद से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर अजीब सा भय व्याप्त हो गया है। पुलिस को दी तहरीर में मूल रूप से सधवाड़ा कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश तथा हाल माधव विहार कॉलोनी गैस गोदाम के सामने मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी राहुल गंगवार पुत्र विनोद कुमार गंगवार ने बताया कि वह काशीपुर रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। बीती शाम लगभग 8:00 बजे रुद्राक्ष गार्डन के समीप लगने वाली सब्जी बाजार में वह सब्जी लेने गए थे इसी दौरान अज्ञात उचक्के ने उनके जेब से कीमती मोबाइल फोन (रेडमी नोट 3 प्रो 5G) चोरी कर लिया। इसी तरह एक अन्य मामले में गणपति एनक्लेव नत्थनपुर देहरादून निवासी शिव दत्त द्विवेदी पुत्र उरवा दत्त द्विवेदी ने बताया कि वह आईटीआई थाना क्षेत्र के मोहल्ला जसपुर खुर्द स्थित रुद्राक्ष गार्डन के समीप किराए के मकान में पत्नी के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह श्रावंथी एनर्जी नामक प्लांट में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल की रात्रि लगभग 8:00 बजे वह घर के समीप लगने वाली बाजार में सब्जी लेने गए थे इसी दौरान जेब से उनका कीमती मोबाइल फोन( सैमसंग गैलेक्सी एस20 एबी 5 जी) अज्ञात उचक्कों द्वारा उड़ा दिया। चुराए गए दोनों मोबाइल फोन की कीमत लगभग 2 लाख के आसपास आंकी जा रही है।

## गंभीर मामलों में पल्ला झाड़ लेती है आईटीआई पुलिस

काशीपुर। रुद्राक्ष गार्डन के समीप लगने वाली सब्जी बाजार में एक ही समय दो लोगों के कीमती मोबाइल फोन का इस तरह चोरी हो जाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। माना जा सकता है कि यह कोई पहली घटना नहीं रही होगी। इससे पूर्व भी सब्जी मार्केट में मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य वारदात को अंजाम देते रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में खास बात यह है कि भुक्तभोगियों से पुलिस द्वारा जो तहरीर ली गई उसमें मोबाइल खोने का जिक्र किया गया है। जबकि हकीकत यह है कि फोन खोया नहीं बल्कि बाकायदा उचक्कों द्वारा जेब से उड़ाया गया। आईटीआई पुलिस यदि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से चोरों तक पहुंचने का प्रयास करती तो बड़ी ही आसानी से अपराधियों के गर्दन कानून के चुंगल में फंस सकते हैं लेकिन पुलिस इस तरह के गंभीर मामलों से लगातार पल्ला झाड़ने का काम कर रही है।

## पंतनगर की प्रिया शर्मा का लेख राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित

पंतनगर। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की होनहार युवती प्रिया शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनका शोध आधारित लेख "सहयोग से साझेदारी तक: सहकारी समितियों में पीपीपी ढांचे को अपनाना" प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने ग्रामीण भारत के विकास के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को बेहद अहम बताया है। प्रिया शर्मा वर्तमान में सहकारिता मंत्रालय,नई दिल्ली की पीएमयू टीम से जुड़ी हैं। अपने लेख में उन्होंने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है, जहां केवल योजनाओं के क्रियान्वयन से आगे बढ़कर मजबूत संस्थागत ढांचे के निर्माण पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यदि सहकारी समितियों में पीपीपी मॉडल को अपनाया जाए तो निवेश, तकनीक और प्रबंधन का बेहतर समन्वय संभव हो



सकेगा। लेख में प्रिया शर्मा ने सहकारी संस्थाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि देश में 8 लाख से अधिक सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जो करोड़ों लोगों को जोड़कर एक मजबूत नेटवर्क तैयार करती हैं। ऐसे में इन संस्थाओं के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आय और विकास को नई गति दे सकती है। उन्होंने कहा कि मजबूत संस्थागत प्लेटफॉर्म तैयार होने पर ही निजी निवेश आकर्षित होता है। पीएम किसान समृद्धि केंद्र, जन औषधि योजना और कॉमन सर्विस सेंटर जैसे उदाहरणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पहले संरचना तैयार की जाती है, फिर निजी भागीदारी से उसे और सशक्त बनाया जाता है। प्रिया शर्मा के पिता श्री सुरेश चंद शर्मा विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में छतरपुर विनसर विला में निवास करते हैं। प्रिया शर्मा की इस उपलब्धि पर पंतनगर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।

# हाईवे पर खड़ी गाड़ियों में देर रात तक टकराए जा रहे जाम से जाम

## चीमा चौराहे पर चल रही शराबखोरी, आड़े-तिरछे खड़े वाहनों से दुर्घटनाओं की आशंका

काशीपुर। कटोराताल चौकी क्षेत्र में चीमा चौराहे के समीप मांसाहारी खाद्यान की दुकान पर चल रही शराबखोरी के कारण शहर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं तो वहीं दूसरी ओर दुकान के आगे आड़े-तिरछे खड़े वाहनों से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यह नजारा सांझ ढलने से लेकर देर रात तक कभी भी देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक पिछले काफी समय से चीमा चौराहे के समीप खुली एक मांसाहारी खाद्यान की दुकान पर ग्राहकों को शराब पिलाई जाने की सूचना है। इसके अलावा शाम से लेकर देर रात तक शराब और कबाब के शौकीन दुकान के आसपास सड़क किनारे गाड़ी (कार) आदि खड़ी करके मनमाने ढंग से पैग टकराते देखे जा रहे हैं। मांसाहारी दुकान के आसपास अथवा सार्वजनिक स्थान पर चल रही शराबखोरी के कारण जहां आए दिन झगड़ा फसाद की नौबत बनी रहती है वहीं शाम से लेकर देर रात तक उक्त मार्ग से होकर संभ्रांत परिवार की महिलाओं का राह चलना दुश्वार है। बताया गया कि पूर्व में संबंधित चौकी पुलिस द्वारा दुकानदार को कई बार इस



बाबत ताकीद किया गया लेकिन हेकड़ स्वभाव होने के कारण वह लगातार कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहा है। **शाम होते ही शुरू हो जाता है शराबियों का आतंक :** बांसफोडान पुलिस चौकी क्षेत्र में मुरादाबाद रोड पर महेशपुरा पुलिया से ढेला पुल तक मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलो/होटलों के आसपास खुलेआम शराबखोरी हो रही है। इसी तरह टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने गली में एवं गांधी आश्रम रोड के अलावा कोर्ट रोड पर साहनी रिसोर्ट के आसपास शाम से लेकर देर रात तक सड़कों पर जमकर शराब पिलाई जा रही है। अलीगंज रोड अड्डे के समीप एवं दढियाल रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के आसपास सड़क किनारे खुली दुकानों एवं खाद्यान्न के ठेलों पर शराब पीने पिलाने की सूचना है। **रेलवे के दायरे में नशेड़ियों की जमघट :** टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के आसपास का इलाका पिछले कुछ समय से नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। मजे की बात यह है कि जहां यह जमघट लगती है वह रेलवे के दायरे में आता है। फाटक के समीप कोयले की रैक के बगल मंदिर इन दिनों बाद नशेड़ियों का महफूज ठिकाना बन चुका है। सूत्रों का कहना है कि यहां चाय की दुकान चलाने वाला नशे के कारोबार से जुड़ा है। इसी दुकान पर बैठकर कच्ची शराब के मामले में कुख्यात कंचन जिसे पिछले दिनों प्रशासन द्वारा जिला बदर कर दिया गया था एक बार फिर से कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त देखा जा रहा है। बताते हैं कि मंदिर के समीप झाड़ियों में तथा रेलवे क्रॉसिंग के पिलर में जहरीली शराब की थैलियां को महफूज कर सुबह से देर रात तक कच्ची शराब का कारोबारी जहरीली शराब बेचने का काम कर रहा है।

# हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने मनाया चार्ट डे समारोह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का चार्ट डे समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें लायंस परिवारों बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों में भाग लिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी सचिव निशुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लक्की ड्रॉ के विजेताओं प्रदीप अग्रवाल, राखी अग्रवाल, राजू भोसाले, संजय गर्ग, अशोक जैन को चार्टर अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। मोबाइल गेम के विजेताओं में संजय गर्ग



एवं मुकेश अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। उक्त के अतिरिक्त बेस्ट टाइमिंग हाउजी कपल गेम जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बच्चों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आकर्षण गुब्बारा बचाओ कपल गेम रहा जिसमें तीन दर्जन कपल ने भाग लिया और 9 कपल दंपति को विशेष पुरस्कार प्रदान किए। जिसमें कुसुम, अजय गोयल, विनीता, विजय शर्मा, उषा, राजू भोंसले, मोनिका, संजय ढीला, समृद्धि, राखी अग्रवाल, रचना, मुकेश अग्रवाल, प्रिया, पंकज अग्रवाल, सिंपी अतिन अग्रवाल एवं इला, अंकुर गुप्ता को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब प्रथम लायन लेडी अनीता अग्रवाल की माताजी श्रीमती नर्मदा देवी के स्वर्गवास पर शोक व्यक्त किया गया।

# बोर्ड परीक्षा में किच्छा के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

किच्छा (उद संवाददाता)। रामनगर विद्यालयीय शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में श्री कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों वर्गों में छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय में श्रेष्ठ स्थान हासिल किया।हाईस्कूल परीक्षा में नीरज सक्सेना के पुत्र आयुष सक्सेना ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष उपलब्धि के रूप में आयुष कुमार ने उत्तराखंड की मेरिट लिस्ट में 24वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। द्वितीय स्थान पर सरताज अहमद के पुत्र मोहम्मद अरमान रहे जिन्होंने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं संतोष कुमार की पुत्री नेहा ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान वर्ग से कौशल गंगवार ने 91.20 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त



किया। कला वर्ग से ऊषा ने 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर विज्ञान वर्ग के दो छात्र मोहम्मद रिहान एवं सचिन संयुक्त रूप से रहे जिन्होंने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय के प्रबन्धक जयवर्धन सिंह



ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है और छात्र इसी प्रकार मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अमित उपाध्याय, शुभम मित्तल, निखिल कुमार, अंकित पाण्डे, राजीव सिंह एवं सुधीर कुमार ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में इस उपलब्धि पर हर्ष का वातावरण रहा और स्थानीय नागरिकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।






# जे.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

नानकमत्ता। कार्नहोल एसोसिएशन उत्तराखंड द्वारा खटीमा में आयोजित स्टेट लेवल कार्नहोल चौंपियनशिप में जे.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नानकमत्ता के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-14 वर्ग में कक्षा 9 की छात्रा दिव्या जोशी ने द्वितीय स्थान तथा शीतल राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में कक्षा 12 की छात्रा दिया सेलाकोटी और कक्षा 10 के छात्र जीवन गिरी ने द्वितीय



स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि सभी विजेता छात्र-छात्राओं का चयन नेशनल लेवल चौंपियनशिप के लिए भी किया गया है। चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कैलाश जोशी ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के पीटीआई को उनकी लगन और मेहनत के लिए विशेष बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य पीयूष गुप्ता भी उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# भाजपाईयों ने गोदियाल का पुतला फूंका

सितारगंज। कांग्रेस पर महिला सशक्तिकरण विरोधी होने और बंगाली समाज के विरुद्ध कथित बयानबाजी का आरोप लगाते हुए मुख्य चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का पुतला जलाया। रविवार दोपहर करीब एक बजे प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और कांग्रेसियों के वाहन मुख्य चौक से गुजरने थे। मुख्य चौक पर भाजपा कार्यकर्ता काले झंडे लिए खड़े थे। पुलिस गोदियाल को दूसरे मार्ग महाराणा प्रताप चौक से कार्यक्रम स्थल पर लेकर पहुंची। इससे भाजपा कार्यकर्ता काले झंडे नहीं दिखा पाए। कोतवाल सुंदरम शर्मा समेत पुलिस बल व



खुफिया विभाग इस दौरान सतर्क रहा। यहां भाजपा जिला महामंत्री भोला जोशी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अंकित गोयल, दक्षिणी किसान सोसायटी अध्यक्ष सौरभ अरोरा, नवीन भट्ट, शिवपाल चौहान, दीपक गुप्ता, सतीश उपाध्याय, दयानंद तिवारी, देवेश कुमार, चंदन श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, अतेंद्र भुल्लर, सोनू शर्मा, इन्द्रजीत सिंह मौजूद रहे।

# अजय किंग्स बनी चैंपियन, फाइनल में बसगर को 7 विकेट से हराया

शक्तिफार्म। हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अजय किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बसगर टीम को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम को पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आरपी सिंह और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में बसगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में सभी विकेट खोकर 108 रन बनाए। जवाब में अजय किंग्स की टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।अजय किंग्स की ओर से राशिद ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।फाइनल मैच से पहले मैदान में पहुंचे आरपी सिंह का दर्शकों और खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा को बढ़ावा देकर ही युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह भी एक छोटे कस्बे से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचे



हैं।वहीं सौरभ बहुगुणा ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए खेलों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। मैच में राकेश बिष्ट और कविन्दर दीगारी ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि जयंत मंडल और राजकुमार डालमिया ने कमेंट्री की। इस अवसर पर चेयरमैन सुमित मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को देखने उमड़ी भीड़फाइनल मुकाबले के दौरान आरपी सिंह की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मैदान के चारों ओर पुलिस बल तैनात रहा।

# गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिले के मैदानी और कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता वयस्कों की तुलना में कम होती है, इसलिए इस मौसम में अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अधिकारी ने जानकारी दी कि बच्चों के शरीर का तापमान नियंत्रित करने की क्षमता कमजोर होती है, जिसके कारण वे बहुत तेजी से हीट वेव यानी लू की चपेट में आ सकते हैं। वयस्कों की तुलना में बच्चों का शरीर जल्दी गर्म होता है जिससे उनमें हीट स्ट्रेस का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों की देखभाल में की गई छोटी सी चूक भी गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है क्योंकि उनकी शारीरिक स्थिति पल-पल बदल सकती है। अभिभावकों को सतर्क करते हुए आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि यदि बच्चों में अचानक थकान, चक्कर आना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे गंभीरता से लें क्योंकि यह लू का प्रभाव हो सकता है। प्रशासन ने अपील की है कि गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बच्चों के खान-पान और उनके घर से बाहर निकलने के समय पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उन्हें लू के खतरनाक प्रभावों से सुरक्षित रखा जा सके।

# डायरेक्ट सेलिंग मॉडल आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यमः धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुग्राम में आयोजित एडब्ल्यूपीएल के भव्य विजय पर्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से संस्थान के उन प्रतिभाशाली और परिश्रमी साथियों को सम्मानित किया जा रहा है जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम से सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान डायरेक्ट सेलिंग मॉडल के माध्यम से अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहा है जिससे ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं और लाखों लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जनसमूह का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि डायरेक्ट सेलिंग मॉडल आज लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए एडब्ल्यूपीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ संजीव कुमार तथा उनकी पूरी टीम को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और डायरेक्ट सेलिंग मॉडल इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। यह मॉडल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है बल्कि व्यक्तित्व विकास और क्षमताओं को निखारने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और मातृशक्ति की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं इस प्रकार के प्लेटफॉर्म के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2021 में केंद्र सरकार द्वारा डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र के लिए उपभोक्ता संरक्षण और स्पष्ट नियम लागू किए गए जिससे इस क्षेत्र में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई है। इन




नियमों से डायरेक्ट सेलर्स के अधिकार मजबूत हुए हैं और पूरे सेक्टर को एक संगठित ढांचा प्राप्त हुआ है। वर्तमान में डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देश में निवेश इंफ्रास्ट्रक्चर शिक्षा स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आज भारत को विश्व स्तर पर विकास और अवसरों की भूमि के रूप में देखा जा रहा है। स्टार्टअप इंडिया वोकल फॉर लोकल मेक इन इंडिया स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों से देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है और भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उत्तराखंड के विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते हुए जिनमें से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था निरंतर सशक्त हो रही है जिसमें जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य का वार्षिक बजट 60 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं और स्टार्टअप्स की संख्या 700 से बढ़कर 1750 से अधिक हो गई है। उत्तराखंड में बिजली उत्पादन तीन गुना से अधिक बढ़ा है और पर्यटन क्षेत्र में होटल उद्योग में लगभग 25 प्रतिशत और होमस्टे में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य ने सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है और नीति आयोग के एसडीजी इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त करना राज्य की बड़ी उपलब्धि है। मातृशक्ति के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की शुरुआत की गई है जिससे स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश की लगभग पौने तीन लाख महिलाएं लखपति दीदी बनकर सशक्त हुई हैं। अंत में उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।

# नारी शक्ति के अपमान पर विपक्ष को घेरेगा भाजपा महिला मोर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा मातृ शक्ति के साथ मिलकर विपक्ष द्वारा संसद में किए गए नारी अपमान की पोल खोलने जा रहा है । एमबी महाविद्यालय में आयोजित महिला आक्रोश सम्मेलन में पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के नकारात्मक और गैर जिम्मेदाराना रवैये ने देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा प्रहार किया है । इसी के विरोध में उत्तराखंड राज्य में व्यापक स्तर पर महिला जन आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।रुचि भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे देशभर की महिलाओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है ।अभियान के तहत महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और महिला छात्रावासों में व्यापक जनसंपर्क कर युवतियों को जागरूक किया जाएगा । साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से 10 दिनों तक प्रभावी अभियान चलाकर महिलाओं की आवाज को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ।रुचि पहुंचाना है कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है । उन्होंने प्रदेश की सभी महिलाओं से इस जन आक्रोश अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया ।सम्मेलन में वक्ता के हर नगर व शहर में रैलियां निकाल रही हैं ।उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की नारी शक्ति इस अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी ।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, महिला मोर्चा जिला



भट्ट ने बताया कि इस अभियान में महिला जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, छात्राओं और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी । उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रयास जन-जन तक यह सच रूप में डॉ जय श्री तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जिसके तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने की उम्मीद थी, उसे विपक्षी दलों द्वारा सफल नहीं होने दिया गया । इस कारण देशभर की महिलाओं में गहरा आक्रोश है और वे अपने अधिकारों के लिए अध्यक्ष कंचन उप्रेती, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री भावना मेहरा, रेनू अधिकारी, बबली चौहान, ममता पलरिया, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, श्रुति तिवारी, विजयलक्ष्मी, भूमिका गोयल, आभा गोस्वामी और राशि जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहीं ।

# अवैध तमंचा फैक्ट्री मामले में कोर्ट ने मेहमूद को किया बरी

रामनगर (उद संवाददाता)। करीब 1 वर्ष 2 माह 17 दिन तक चले लंबे ट्रायल के बाद अदालत ने मुकदमा संख्या 34/2025 में बड़ा फैसला सुनाते हुए अभियुक्त मेहमूद को बरी कर दिया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामनगर ने जांच में मिली खामियों और साक्ष्यों के अभाव के आधार पर यह निर्णय सुनाया।मामला अवैध तमंचा बनाने और बेचने के आरोपों से जुड़ा था। पुलिस ने दावा किया था कि मेहमूद अपने साथी गुरबचन के साथ मिलकर अवैध हथियारों का निर्माण और बिक्री करता था। पुलिस के अनुसार मेहमूद को मौके से गिरफ्तार किया गया था और उसके पास से तमंचे बरामद किए गए थे। शुरुआती जांच में मामला काफी मजबूत नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे सुनवाई आगे बढ़ी, अभियोजन पक्ष की कहानी कमजोर होती चली गई।अदालत में पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के दौरान कई विरोधाभास सामने आए। कथित बरामदगी पर भी सवाल खड़े हुए और कई अहम बिंदुओं पर स्पष्टता न होने के कारण पूरा मामला संदेह के घेरे में आ गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता हिमांशु अग्रवाल और अधिवक्ता गुलनाज सिद्दीकी ने प्रभावी पैरवी की। दोनों अधिवक्ताओं ने जिरह के दौरान अभियोजन की कहानी की कमजोरियों को उजागर किया।डिफेंस ने अदालत के सामने यह तथ्य रखा कि अभियोजन का पूरा केस ठोस प्रमाणों के बजाय केवल संदेह और अनुमान पर आधारित है। गवाहों के बयानों में असंगतियों और जांच प्रक्रिया की खामियों को प्रभावी तरीके से रखा गया। बचाव पक्ष की इस धारदार पैरवी के बाद कोर्ट ने अपने फैसले में माना कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा है। इसी आधार पर अदालत ने मेहमूद को बरी करने का आदेश दिया। अधिवक्ता हिमांशु अग्रवाल ने फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब जांच कमजोर हो और साक्ष्य अधूरे हों तो अदालत में मामला टिक नहीं पाता, यह फैसला तथ्यों पर आधारित रणनीति की जीत है।







# गूलरभोज में विकास कार्यों की सौगात, मंत्री राम सिंह केड़ा ने किया लोकार्पण

## लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ की नारेबाजी, विधायक पांडे कार्यक्रम में नहीं पहुंचे

गूलरभोज। रविवार का दिन गूलरभोज के लिए विकास की नई सौगात लेकर आया जब प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राम सिंह केड़ा ने करोड़ों रुपये की लागत से तैयार विभिन्न योजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मंत्री राम सिंह केड़ा ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि इस क्लीनिक के शुरू होने से गूलरभोज और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी इसके साथ ही 18 नई दुकानों का लोकार्पण किया गया जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है वहीं 10 टाइल्स मार्गों के निर्माण से क्षेत्र की सड़कों की स्थिति में सुधार होगा और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।मंत्री बनने के बाद पहली बार गूलरभोज पहुंचे केड़ा का नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जोरदार स्वागत किया फूल मालाओं और पारंपरिक अंदाज में हुए स्वागत ने कार्यक्रम को खास बना दिया कार्यक्रम रामलीला मैदान में आयोजित हुआ जहां मंच से संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से मिलें। मंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि विकास कार्य केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने चाहिए बल्कि धरातल पर दिखने चाहिए । उन्होंने नगर पंचायत और संबंधित अधिकारियों




को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष और टीम की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि गूलरभोज में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मोर्य भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा काशीपुर के मेयर दीपक बाली रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा दर्जाधारी सुरेंद्र सिंह नामधारी ब्लॉक प्रमुख गदरपुर ज्योति नेगी नगर पालिका अध्यक्ष गदरपुर मनोज गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपने विचार रखे और सरकार की योजनाओं की सराहना की। हालांकि कार्यक्रम के बीच विरोध की आवाजें भी सामने आई जानकारी के अनुसार मंत्री के काफिले के कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ते समय गोविंदपुर वार्ड में कुछ स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों में कथित अनदेखी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया ।नाराज लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आक्रोश जताया । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराया जिसके बाद कार्यक्रम सुचारू रूप से आगे बढ़ सकाकार्यक्रम में स्थानीय विधायक अरविंद पांडे की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री राम सिंह केड़ा ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि विधायक किसी निजी कार्यक्रम में व्यस्त थे और इसी कारण वे शामिल नहीं हो सके हालांकि इस संबंध में उनसे सीधा संपर्क नहीं हो पाया। समग्र रूप से देखा जाए तो गूलरभोज में आयोजित यह कार्यक्रम विकास कार्यों के लोकार्पण के साथ ही राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र भी बना रहा जहां एक ओर सरकार ने विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया वहीं दूसरी ओर स्थानीय मुद्दों को लेकर लोगों की नाराजगी भी सामने आई जो आने वाले समय में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है।

# धामी सरकार में टूटे विकास के रिकार्ड: कैड़ा

## शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने नगर निगम में किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास

रूद्रपुर। प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने रविवार को नगर निगम परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान शहर के लिए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और रूद्रपुर के चहुंमुखी विकास के लिए उनके मंत्रालय की ओर से संसाधनों और सहयोग की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। नगर निगम में आयोजित इस कार्यक्रम में शहरी विकास मंत्री ने जिन परियोजनाओं की नींव रखी, उनमें शहर की सूरत बदलने वाले कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। उन्होंने वार्ड संख्या 38 में राजकुमार खनिजो के होटल से लेकर रमेश कालड़ा के घर तक नाला निर्माण और विभिन्न पुलियों के लिए 40.15 लाख के कार्य का शुभारंभ किया। वहीं, वार्ड संख्या 28 स्थित सब्जी मंडी की अव्यवस्थाओं को दूर करते हुए 48.19 लाख की लागत से अस्थाई टीनशेड, सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। देवभूमि जयंती योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 03 ट्रांजिट कैंप स्थित सुभाष पार्क के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए 159.24 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न वार्डों में 494.68 लाख की लागत से हॉट मिक्स सड़कों का जाल बिछाया जाएगा, जबकि क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण (सरफेसिंग) के लिए 485.90 लाख के पृथक कार्य का भी शिलान्यास हुआ। 94.14 लाख से नगर निगम बाउंड्री वाल और नए द्वार के निर्माण का भी कैबिनेट मंत्री ने विधिवत शिलान्यास किया। सभागार में जनसमूह को संबोधित करते हुए राम सिंह कैड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद और महापौर विकास शर्मा के अथक प्रयासों का ही प्रतिफल है कि आज रूद्रपुर में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि धामी जी दिन के 24 में से 20 घंटे प्रदेश को विकसित बनाने के लिए समर्पित हैं और विकास के मानकों में उन्होंने स्वर्गीय एन.डी. तिवारी जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ दिया है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि जिस उत्तराखंड की स्थापना अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी, उसे आज धामी सरकार अपनी संस्कृति के संरक्षण और ऐतिहासिक फैसलों के जरिए देश भर में नई पहचान दिला रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लगाव उत्तराखंड को मिल रहा है, जिसका लाभ आज हर गली और गांव तक पहुंच रहा है। कैबिनेट मंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक के बहाने कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक मातृ शक्ति के साथ छल किया है, जिसे महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी। भाजपा की सोच महिलाओं को सशक्त बनाने की है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा अच्छे फैसलों और विकास की राह में रोड़े अटकाए हैं। उन्होंने कहा कि जनता सरकार के काम से पूरी तरह संतुष्ट है और 2027 में प्रदेश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ डबल इंजन की सरकार हैट्रिक बनाएगी। रूद्रपुर के स्थानीय नेतृत्व की सराहना करते हुए मंत्री कैड़ा ने कहा कि महापौर विकास शर्मा के महज एक साल के कार्यकाल में शहर एक मॉडल के रूप में उभरा है। यहां स्थापित प्रदेश का पहला अत्याधुनिक वेंडिंग जोन अब पूरे उत्तराखंड के लिए नजीर बनेगा और अन्य शहरों में भी इसी तर्ज पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की प्रतिबद्धता ही सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान और आधुनिक सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से रूद्रपुर को प्रदेश का सबसे व्यवस्थित और विकसित शहर बनाने की दिशा में वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे और आज जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आने वाले दिनों में कई बड़े प्रोजेक्ट रूद्रपुर में धरातल पर उतारे जायेंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ,दर्जा राज्य मंत्री फरजाना बेगम, पूर्व मेयर रामपाल सिंह,भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, अमित नारंगवरिष्ठ नेता अनिल चौहान,धीरेन्द्र मिश्रा,मोहन तिवारी, हिमांशु शुक्ला, तरूण दत्ता, वेद ठुकराल, घनश्याम श्यामपुरिया, यशपाल घई, राकेश सिंह, ,पार्षद शालू पाल,चिराग कालरा,राजेंद्र राठौड़, मानवेंद्र राय,नीतू राय, कमल पाल, शुभम दास, शालू पाल, कुसुम शर्मा, एमपी मौर्य, पवन राना, संदीप वाल्मीकि, सोनू मुल्तानी,मुकेश राजोरिया, राजन राठौर आदि समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।







## पहली बार रूद्रपुर पहुंचे शहरी विकास मंत्री का जोरदार स्वागत




रूद्रपुर। मंत्री बनने के बाद पहली बार रूद्रपुर पहुंचे शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा का नगर आगमन पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत का यह सिलसिला नैनीताल रोड से शुरू होकर नगर निगम परिसर तक चलता रहा। मंत्री राम सिंह कैड़ा का काफिला जैसे ही नैनीताल रोड पहुंचा, वहां पहले से मौजूद भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों के साथ उनका खैरमकदम किया। इसके पश्चात काफिला वेडिंग जोन पहुंचा यहाँ लघु व्यापारियों और महिला स्वयं सहायता समूहों ने मंत्री जी का जोरदार अभिनंदन किया। श्री कैड़ा ने वेंडिंग जोन का गहन निरीक्षण कियाऔर वहां की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को देखकर बेहद प्रभावित हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने स्वयं एक जूस की दुकान पर रुककर जूस पिया और उसका भुगतान ऑनलाइन पेमेंट के



माध्यम से किया। मंत्री जी ने वेंडिंग जोन की सराहना करते हुए कह यह वेंडिंग जोन केवल व्यापारियों के लिए स्थान नहीं, बल्कि प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल है। जिस तरह यहां लघु व्यापारियों को सम्मानजनक स्थान दिया गया है, ठीक इसी तर्ज पर प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में भी अत्याधुनिक वेंडिंग जोन विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके पश्चात त्रिशूल चौक पर भी कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत हुआ। जहां कैबिनेट मंत्री ने चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने वाली इस कलाकृति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और इसे धार्मिक व सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया। शहरी विकास मंत्री ने किच्छा रोड स्थित उस स्थल का भी विशेष भ्रमण किया, जहां कभी कूड़े का विशाल पहाड़ हुआ करता था, लेकिन अब वहां एक सुंदर पार्क विकसित कर दिया गया है। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने इसे स्वच्छता का अनूठा उदाहरण और वेस्ट टू वेल्थ की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने महापौर विकास शर्मा की दूरदर्शी सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि रूद्रपुर ने कूड़ा प्रबंधन और स्वच्छता के मामले में प्रदेश के सामने एक बड़ी मिसाल पेश की है। भ्रमण और निरीक्षण के उपरांत कैबिनेट मंत्री का काफिला नगर निगम परिसर पहुंचा। यहां महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में पार्षदों और निगम अधिकारियों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर रहा। शहरी विकास मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि रूद्रपुर के विकास की गति को और तेज किया जाएगा और इसे प्रदेश के सबसे आधुनिक शहरों की श्रेणी में अग्रणी रखा जाएगा।

## महापौर की कार्यशैली के कायल हुए कैबिनेट मंत्री कैड़ा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपने प्रथम जिला मुख्यालय भ्रमण के दौरान न केवल विकास योजनाओं की सौगात दी, बल्कि अपने पुराने साथी और नगर के महापौर विकास शर्मा के कार्यकाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की। शहर के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद कैबिनेट मंत्री बेहद प्रभावित नजर आए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बहुत ही अल्प समय में महापौर ने रूद्रपुर की तस्वीर बदलने का जो बीड़ा उठाया है, वह पूरे प्रदेश के स्थानीय निकायों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। वेंडिंग जोन के निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने महापौर की पीठ थपथपाते हुए इसे 'विकास की




आधुनिक सोच' का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अक्सर शहरों में पटरी व्यवसायी उपेक्षा का शिकार रहते हैं, लेकिन रूद्रपुर में उन्हें न केवल स्थाई रोजगार का जरिया दिया गया, बल्कि शहर को अतिक्रमण और जाम की समस्या से भी स्थाई निजात दिलाई गई है। मंत्री कैड़ा ने कहा कि यह मॉडल सामाजिक न्याय और शहरी प्रबंधन का बेहतरीन तालमेल है। त्रिशूल चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल की कलाकृति को देख मंत्री अभिभूत हुए। उन्होंने महापौर की सराहना करते हुए कहा विकास शर्मा ने शहर को आधुनिक बनाने के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का जो कार्य किया है, वह सराहनीय है। त्रिशूल चौक आज शहर की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। वहीं, किच्छा रोड स्थित पार्क के निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने इसे 'असंभव को संभव' करने वाला कार्य बताया। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर दशकों से कूड़े का पहाड़ खड़ा था और जो शहर के लिए कलंक बना हुआ था, उसे हटाकर एक सुंदर पार्क में तब्दील करना मजबूत इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। यह स्वच्छता अभियान की दिशा में एक क्रांतिकारी उपलब्धि है।शहरी विकास मंत्री ने न केवल राजनीतिक नेतृत्व बल्कि प्रशासनिक सक्रियता की भी प्रशंसा की। उन्होंने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे द्वारा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की सराहना करते हुए कहा कि जब विजनरी नेतृत्व और कुशल प्रशासन साथ मिलकर काम करते हैं, तो परिणाम इसी तरह सुखद आते हैं। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने महापौर विकास शर्मा को आश्वस्त किया कि रूद्रपुर के विकास के रथ को रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने वायदा किया कि शहर के आगामी प्रोजेक्ट्स और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए उनका मंत्रालय हर संभव वित्तीय और तकनीकी सहयोग प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराएगा। इस दौरान महापौर ने कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य की कार्य योजनाओं का खाका भी प्रस्तुत किया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दलबदल विरोधी कानून

दलबदल विरोधी कानून, 1985 में 52वें संविधान संशोधन द्वारा पारित एक संवैधानिक उपाय है, जिसे संविधान की 10वीं अनुसूची में जोड़ा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य राजनीतिक लाभ के लिए विधायकों/सांसदों द्वारा पार्टी बदलने से रोककर सरकार को स्थिरता प्रदान करना है। यह कानून स्वेच्छा से पार्टी छोड़ने या पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने पर अयोग्यता निर्धारित करता है। देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक दल को छोड़ कर दूसरे में शामिल होने को लोकतांत्रिक अधिकार के तौर पर देखा जाता है। मगर सच यह भी है कि जब जनप्रतिनिधियों ने सिद्धांतों के बजाय सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने को एक आम चलन बनाना शुरू कर दिया, तब इस पर लगाम लगाने की जरूरत पड़ी और इसी क्रम में दल-बदल विरोधी कानून अस्तित्व में आया। विडंबना यह है कि इस कानून के लागू होने के बावजूद अलग-अलग कारणों का हवाला देकर विधायकों या सांसदों के पाला बदलने या दूसरी पार्टियों में शामिल होने के मामले आए दिन सामने आते रहे हैं। मगर इस बार आम आदमी पार्टी से जुड़े राज्यसभा के सात सांसदों ने जिस तरह अपने दल को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने की घोषणा की है, उसने एक बार फिर राजनीति में नैतिकता और दल-बदल कानून की प्रासंगिकता पर बहस छेड़ दी है। गौरतलब है कि राज्यसभा में आप के दस सांसद थे। उनमें से राघव चड्ढा सहित सात सांसदों ने पार्टी छोड़ दी। उनका मानना है कि चूंकि अलग होने वाले सांसदों की संख्या दो-तिहाई की कसौटी पर पूरी है, इसलिए दल-बदल विरोधी कानून के तहत यह गलत नहीं है।संभव है कि आप छोड़ कर भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं के लिए सिर्फ कानून के प्रावधानों पर खरा उतरना ही किसी कार्रवाई से बचने के लिए काफी है, लेकिन सवाल है कि क्या केवल तकनीकी तौर पर सही होकर ही खुद को नैतिकता की कसौटी पर भी उचित मान लिया जा सकता है! खैर, आम आदमी पार्टी की ओर से संबंधित सातों सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग करने की बात कही गई है। हवाला यह दिया गया है कि दल-बदल कानून में राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार का विभाजन या गुटबंदी करने पर स्पष्ट तौर पर मनाही की गई है, भले ही वहां दो-तिहाई बहुमत हो। जाहिर है, आप के नेता अब दल-बदल से संबंधित कानूनी बारीकियों के मुताबिक कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। मगर यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर मान्यता का मुद्दा उठने पर अंतिम फैसला क्या आता है। एक सवाल अपना दल छोड़ कर सांसदों के भाजपा में शामिल होने और पार्टी के रूप में विलय से जुड़े संदर्भ का भी उठेगा। हालांकि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा की राजनीतिक सक्रियता जिस तरह उलझी हुई दिख रही थी, उसके मद्देनजर पहले से ही उनके पार्टी से बाहर होने की संभावना जताई जा रही थी। मगर उनके साथ जिस तरह छह अन्य नेताओं ने पार्टी छोड़ी है, उसे लेकर राजनीतिक हलके में थोड़ी हैरानी जताई जा रही है। देश की राजनीति में बिना किसी सैद्धांतिक आधार के सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने की प्रवृत्ति और इसके सहारे सरकारों की स्थिरता के प्रभावित होने के हालात को रोकने के लिए दल-बदल कानून बनाया गया था। मगर पिछले कुछ वर्षों से इस कानून के तहत मिली छूट का लाभ उठा कर कई राज्यों में जिस तरह सरकारें बदली गईं, उसमें कहीं भी सैद्धांतिक कसौटी का ख्याल रखना जरूरी नहीं समझा गया। ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिसमें सिर्फ परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए विचारधारात्मक प्रतिबद्धता के सवाल को दरकिनार कर दिया गया और ऐसे नेताओं के लिए दल-बदल कानून कोई बाधा नहीं बना। इसी क्रम में आप के सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर फिर यह सवाल उठा है कि आखिर दल-बदल कानून की प्रासंगिकता क्या रह गई है।

# भीषण गर्मी की चपेट में राजधानी दून, स्कूलों की छुट्टी

देहरादून। कभी सुहावने मौसम के लिए पहचानी जाने वाली दून घाटी इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते हालात ऐसे हो गए हैं कि दोपहर में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रहा। इस कारण दून की सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। मौसम विभाग ने आज भी तेज तपिश और लू चलने की चेतावनी जारी की है। देहरादून जिले में आज, सोमवार को अत्यधिक गर्मी और लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। इसके चलते डीएम सविन बंसल ने सभी आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय, गैर-शासकीय और निजी स्कूलों (कक्षा 01 से 12 तक) में एक दिन की छुट्टी का आदेश जारी किया है। आमतौर पर बारिश और सर्दियों के सीजन में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर छुट्टी का फैसला लिया जाता है। हालांकि, कुछ स्कूलों ने अपने स्तर से इससे पहले ऐसे प्रयास किए हैं कि उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश की संख्या बढ़ा दी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि मौमस का पूर्वानुमान है कि सोमवार को दिन भर गर्मी रहेगी। लू भी चल सकती हैं। ऐसे में जिले के एक से 12वीं कक्षा तक के सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी के आदेश दिए गए हैं।



जिलाधिकारी ने बताया कि स्कूलों को पहले से निर्देश भी दिए गए हैं कि वहां पर पर्याप्त ठंडे पानी की व्यवस्था होनी आवश्यक है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न जगहों पर लगे प्याऊ और वाटर कूलर आदि को भी नियमित चेक करने के निर्देश प्रशासन के अधिकारियों को दिए गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दोपहर में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ये सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान भी औसत से तीन डिग्री ज्यादा 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। भीषण गर्मी का असर शहर की रफ्तार पर साफ नजर आया। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजारों में भी भीड़ न के बराबर रही। जरूरी काम से निकलने वाले लोग भी तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए सिर और चेहरे को ढककर निकलते नजर आए। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए लू चलने की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि दोपहर के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है, जिससे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा। मौसम के इस बदले मिजाज ने दून की उस पहचान को चुनौती दी है, जिसके लिए यह शहर जाना जाता था। फिलहाल, हर किसी की नजरें आसमान पर टिकी हैं और लोग बारिश या ठंडी हवाओं के इंतजार में हैं, ताकि इस तपिश से कुछ राहत मिल सके। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक सीएस तोमर ने बताया कि सोमवार को भी इस गर्मी से खास राहत मिलने के आसार नहीं हैं। इसलिए लोगों को खासकर दोपहर के समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहा। अगले एक दो दिनों के दौरान उत्तराखंड में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले तीन चार दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

# आरबीआई गवर्नर ने किया वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा

देहरादून। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा ने देहरादून जिले के भोपालपानी, बडासी और सौड़ा सरौली ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए क्रिसिल फाउंडेशन के सहसपुर स्थित वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर देते हुए नागरिकों को सशक्त बनाने की बात कही। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय जागरूकता, समृद्धि और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने, भारत सरकार की विभिन्न पेंशन तथा बीमा संबंधित सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सीएफएल अधिकारियों से समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वालों को शिक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया, ताकि वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने प्रतिभागियों से ऐसे शिविरों के दौरान प्राप्त वित्तीय जागरूकता को अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों और पड़ोसियों के साथ साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से भी बातचीत की।शिविर में बिजनेस कॉरेस्पोंडेंटों द्वारा बुनियादी बैंकिंग सुविधाओं सहित कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर स्थल पर सिक्के और नोट बदलने के लिए काउंटर भी स्थापित किए गए थे। इस मौके पर एक मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध थी तथा कुछ स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया, जिसमें गवर्नर ने काफी रुचि दिखाई और सराहना की। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, देहरादून श्री अरविंद कुमार सहित भारतीय रिजर्व बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।





# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू के मतदान में आई क्रांति

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में हुए बढ़-चढ़कर मतदान ने इतिहास रच दिया है। इसे 'वोट क्रांति' कह सकते है। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण में 92.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडू की सभी 234 सीटों पर 84.95 प्रतिशत मतदान ने पिछले सब रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले तमिलनाडू में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29 प्रतिशत था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पिछले 2021 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले बंगाल में 9.02 प्रतिशत अधिक मतदान रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि आजादी के बाद हुए निर्वाचन के इतिहास में किसी भी राज्य एवं केंद्र शासित राज्य में इतना मतदान पहले कभी नहीं हुआ। इससे पहले रिकॉर्ड पुडुचेरी में 9 अप्रैल 2026 को हुए विधानसभा चुनाव का मतदान 89.87 प्रतिशत रहा है। इस मतदान में पुर्वानुमान लगाने वाले टीवी चौनलों को भी संशय में डाल दिया है। इस बड़े मतदान को बंगाल में भाजपा के पक्ष में माना जा रहा है। बहरहाल, परिणाम जो भी आएं, इस मतदान से परिपक्व संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र की मजबूती दिखाई देती है। हालांकि जिस तरह का माहौल है, उससे तय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित षाह ने घुसपैठ को अपनी सभाओं में बड़ा मुद्दा बनाया और हिंदुत्व की लहर फैलाकर हिंदू वोट का ध्रुवीकरण करने में वे सफल रहे। कांग्रेस की स्थिति इस राज्य में इसलिए खराब होती रही है, क्योंकि वह बंगाल के सीमावर्ती जिलों में अवैध प्रवासियों को षरण देने की पैरवी करती रही है। इसीलिए कांग्रेस ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और एसआईआर का भी विरोध किया। भाजपा ने चुनाव के लिए जो रचनात्मक तैयारी की, उसके चलते निष्पक्ष और



निडर मतदान का माहौल पूरे प्रदेश में बना। अतएव दूसरे राज्यों में रह रहे मतदाता बड़ी संख्या में वापिस लौटे और मतदान किया। खासकर मालदा, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर पहुंचने वाले मतदाताओं की संख्या अधिक रही। मुस्लिम मतदाताओं ने भी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत और केरल से आकर बड़ी संख्या में वोट डाले। एसआईआर की प्रक्रिया के चलते मतदाताओं में यह धारणा बनी कि मतदान नहीं करने पर मतदाता सूची से नाम कट सकता है। इस कारण नागरिकता भी गंवानी पड़ सकती है। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को बार-बार उछाला। तृणमूल यहां मोदी और शाह के आक्रामक चुनाव प्रचार के आगे अस्तित्व बचाए रखने के लिए जूझ रही है। अंतिम सांसे गिन रहे कांग्रेस और वाममोर्चा का प्रयास रहा है कि अपने-अपने पारंपरिक और छिटक चुके मतदाताओं तक पहुंच बनाकर वोट डलवा लें। गोया, इस बार सभी राजनीतिक दल पूरे समय अधिकतम मतदान के लिए सक्रिय रहे। इसी का नतीजा रहा कि रिकॉर्ड मतदान ईवीएम में कैद हो गया। यह मतदान उस गहरी राजनीतिक हलचल और विभाजित सामाजिक चेतना के संकेत हैं, जो इस बार के चुनाव को असाधारण बना रही हैं। यह रिकॉर्ड इसलिए भी बना, क्योंकि एसआईआर के चलते 91 लाख वोट हटाए गए हैं। ग्रामीण महिलाएं समूहों के रूप में मतदान के लिए आईं।इसी तरह तमिलनाडू में भी पहली बार मतदाताओं ने बड़े तापमान के बीच भारी मतदान किया। यहां सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ है। तमिलनाडु के 5.73 करोड़ मतदाताओं ने 84.69 प्रतिशत मतदान करके इतिहास रच दिया है। इसके पहले सर्वाधिक 78.12 प्रतिशत मतदान 2011 में हुआ था। तब एआईए-डीएमके की मुखिया रहीं जयललिता ने डीएमके को करारी शिकस्त देकर सत्ता के गलियारे से बाहर कर दिया था। यहां एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 74 लाख मतदाता बाहर हुए हैं। अतिम षाह इस बढ़े मतदान को टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाने का आधार बता रहे हैं। हालांकि यहां अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच कड़ा मुकाबला है। बहरहाल, ऊंट किस करवट बैठता हैं, यह तो परिणाम के बाद ही पता चलेगा।बावजूद बड़े मत-प्रतिशत का सबसे अह्म, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है, तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। कालांतर में यह स्थिति मतदाता को धन व षराब के लालच से भी मुक्त कर देगी। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होता है ? बावजूद इन चुनावों में जातीय और अल्पसंख्यक राजनीति सभी दलों की कार्यशैली में खुले रूप में दिखाई दी है। साफ है, जातीय कुचक्र का धरातल नीचे से नहीं, बल्कि ऊपर से बनाए रखने के उपाय किए जा रहे हैं।बढ़ा हुआ यह मतदान विशुद्ध रूप से मतदाता की मनस्थिति से उपजा प्रतिशत है, क्योंकि अब मतदाता इन वास्तविकताओं को समझने लगा है कि घुसपैठिए उनके बुनियादी संसाधनों को हथियाने के साथ धर्मांतरण के हथकंडे भी अपना रहे हैं। इसलिए वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। ज्यादातर चुनावों में कुलीन मतदाता इसलिए मतदान नहीं करते हैं, क्योंकि एक तो वे मौसम की मार झेलने में स्वयं को समर्थ नहीं पाते हैं, दूसरे वे अपनी बड़ी हैसियत का ख्याल रखते हुए लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान से बचते हैं। लेकिन बंगाल और तमिलनाडु में हुए मतदान से पता चलता है कि इस बार कुलीन मतदाताओं ने भी चुनावी यज्ञ में मतदान की आहुतियां दी हैं। अन्यथा मतदान का प्रतिशत इतना ऊंचा नहीं पहुंचता। यह स्थिति मतदाता में बढ़ती राजनीतिक चेतना का प्रतीक भी है। वैसे भी लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की अधिकतम भागीदारी में निहित है। बावजूद भारतीय लोकतंत्र की विशेषता है, कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक और चुनावी सर्वे एजेंसियां परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाकर परिणामों के शत-प्रतिशत सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग में जिले के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। देहरादून



स्थित माउंट लिटरा जी स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले, जिसमें उधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिले के कोच मोहम्मद हसन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 वर्ष आयु वर्ग के 45 किलोग्राम भार वर्ग में अनिका चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अभियुदित, प्रतीक, योगेश और संजय ने भी अपने-अपने वर्गों में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अकरम ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि मुनज्जाह खान, मानव, ऋषिकेश, इब्राहिम, परीक्षित और प्रियांशु ने कांस्य पदक जीतकर जिले की झोली पदकों से भरी। इस प्रतियोगिता में टीम मैनेजर हरीश चौधरी की भूमिका भी सराहनीय रही, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से टीम ने यह मुकाम हासिल किया।खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से जिले में खुशी का माहौल है। कोच मोहम्मद हसन खान ने खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि लगातार अभ्यास और सही मार्गदर्शन के कारण ही यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों के परिजनों और खेल संगठनों ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

# गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए जोरदार प्रदर्शन

## भाजपा के बड़े नेताओं की दूरी पर भड़की करणी सेना

रामनगर (उद संवाददाता)। गौ माता के सम्मान और उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा देने सहित गौकशी पर पूर्ण रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को विभिन्न संगठनों ने रामनगर में शक्ति प्रदर्शन किया। सिद्धेश्वर मंदिर से तहसील मुख्यालय तक निकाले गए जुलूस के बाद तहसीलदार मनीषा मारकाना



के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान कार्यक्रम से भाजपा के बड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों की नदारदगी चर्चा का विषय बनी रही।विभिन्न हिंदूवादी संगठनों और साधु-संतों की मौजूदगी में आयोजित इस प्रदर्शन में करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने केंद्र और राज्य सरकार से गौ हत्या रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गौ माता किसी राजनीतिक दल की नहीं बल्कि पूरे हिंदू समाज की आराध्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के जिम्मेदार लोगों ने कार्यक्रम से दूरी बनाकर यह साबित कर दिया है कि वे केवल राजनीतिक स्वार्थ और वोट बैंक के लिए काम करते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदू समाज आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका जवाब जरूर देगा।वहीं, कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि आज का दिन इतिहास में दर्ज होगा और अब हर वर्ष इस आयोजन को होली- दीपावली जैसे पर्व के रूप में मनाया जाएगा। हालांकि, भाजपा के बड़े नेताओं की अनुपस्थिति के सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली।

# बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने घेरा विद्युत कार्यालय

रामनगर (उद संवादाता)। रामनगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले कई दिनों से जारी बिजली की अघोषित कटौती के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर सरकार और विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कटौती तत्काल बंद करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पूर्व



विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, ऐसे में अघोषित और असीमित बिजली कटौती ने जनता का जीना दूभर कर दिया है। उन्होंने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आम जनता पहले ही महंगाई, गैस और पेट्रोल-डीजल की मार झेल रही है, ऊपर से बिजली संकट ने कोढ़ में खाज का काम किया है। रावत ने कहा कि बिजली न होने से न केवल आम नागरिक परेशान हैं, बल्कि इसका सीधा असर छोटे-बड़े उद्योगों और व्यापारियों के कारोबार पर भी पड़ रहा है।रणजीत रावत ने आरोप लगाया कि सरकार विज्ञापनों के माध्यम से जनता को भ्रमित कर रही है और बिजली बेचकर मुनाफाखोरी में लगी है। उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के साथ किए गए अनुबंध के तहत उन्हें निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इस मामले को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक ले जाया जाएगा और सड़क से लेकर सदन तक सरकार को घेरा जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और कहा कि जनता अब इस जनविरोधी कार्यप्रणाली का जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला से लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने पीरुमदारा क्षेत्र में वृद्ध महिला से मंगलसूत्र लूटने की घटना का सफल खुलासा किया है। इस दौरान सीओ सुमित पांडे और कोतवाल सुशील कुमार भी मौजूद रहे।एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि 16 अप्रैल को ग्राम शांतिकुंज रोड पीरुमदारा निवासी बिशन सिंह बिष्ट ने पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि वह अपनी पत्नी दुर्गा देवी के साथ



घर के पास स्थित खेत में सिंचाई करने जा रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका पीछा किया। दो युवक बाइक पर ही बैठे रहे, जबकि एक युवक कुछ पूछने के बहाने बाइक से उतरकर खेत पर पहुंच गया। अचानक उक्त युवक ने दुर्गा देवी के गले में पहने मंगलसूत्र पर झपट्टा मारकर उसे छीन लिया और तीनों आरोपी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। छीना झपटी के दौरान मंगलसूत्र के चार दाने मौके पर ही गिर गए थे।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। गठित पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चौधरी ढाबे के समीप से सावेज उर्फ भूरा निवासी महेशपुरा काशीपुर तथा जुबेर निवासी अल्ली खा काशीपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी कब्जे में ले ली है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से मंगलसूत्र के 6 दाने और एक पेंडल बरामद हुआ है। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

## पेज एक का शेष...

**अधिवक्ता ने खुद को ...**सूत्रों के अनुसार, सुसाइड नोट में अधिवक्ता ने अपनी लंबी बीमारी का जिक्र करते हुए लिखा है कि वह अब शारीरिक कष्टों के कारण 'जिंदगी की गाड़ी' आगे नहीं खींच पा रहे हैं। सुसाईड नोट में उन्होंने कुमाऊं आयुक्त, जिलाधिकारी और एसएसपी से अपनी पत्नी का ख्याल रखने का भावनात्मक अनुरोध भी किया है ताकि उनके जाने के बाद उनकी पत्नी कोई गलत कदम न उठा ले। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट की आधिकारिक पुष्टि और जांच अभी जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने कार के भीतर से साक्ष्य जुटाए। एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला बीमारी से परेशान होकर की गई आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिलनसार स्वभाव के वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से नैनीताल जिला कोर्ट परिसर के कर्मचारी और उनके साथी अधिवक्ता स्तब्ध हैं।

**नैनीताल बैंक से ....**बैंक के पक्ष में आया। आदेशों के अनुपालन में जब 11 जून 2024 को बैंक प्रबंधक और आईआरपी की टीम सिडकुल स्थित प्लांट पर भौतिक कब्जा लेने पहुँची, तो वहां का नजारा देखकर अधिकारी दंग रह गए। बैंक के पास बंधक रखी गई करोड़ों की मशीनरी, प्लांट और स्टॉक मौके से गायब था। आरोप है कि तीनों डायरेक्टरों ने एक राय होकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत बैंक की अनुमति के बिना बंधक संपत्ति को खुर्द-बुर्द कर दिया और लोकधन का गबन कर बैंक को भारी वित्तीय क्षति पहुँचाई। पीड़ित बैंक प्रबंधक ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में रिपोर्ट दर्ज न करने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब न्यायालय के आदेश पर पंतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**ऑनलाइन बुकिंग के नाम....** चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भूरारानी स्थित ओमनी प्रोडक्ट फर्म के स्वामी हैं। उन्होंने 13 मार्च 2026 को दमन और दीव से सामान मंगवाने के लिए ऑनलाइन माध्यम से दमन ट्रांसपोर्ट नामक फर्म से संपर्क किया था। ऑनलाइन मिले मोबाइल नंबरों पर बातचीत के दौरान ट्रांसपोर्टर ने सामान लोड होने से पहले 80 प्रतिशत एडवांस रकम की मांग की। राहुल चौहान ने अपनी फर्म के खाते से 1 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसपोर्टर द्वारा बताए गए भारतीय स्टेट बैंक के सूरत गुजरात स्थित खाता संख्या 20532101040 में जमा करवा दिए। पैसे ट्रांसफर होने के बाद से ही ट्रांसपोर्टर ने अपने दोनों मोबाइल नंबर बंद कर लिए। पीड़ित ने जब अपने स्तर से खोजबीन की तो पता चला कि ट्रांसपोर्टर ने गलत अकाउंट डिटेल्स दी थी। जांच में सामने आया कि भुगतान एमआरसी लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड, उधाना उद्योग नगर, सूरत के नाम पर प्राप्त किया गया है। पीड़ित ने अभिनव पटेल और महेन्द्र भारद्वाज नामक व्यक्तियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

**पांच दिन से लापता...**की चहलकदमी वाले इस इलाके में किसी अनहोनी की आशंका के बीच पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के जरिए भी जांच कर रही थी। चार दिनों तक चले सघन तलाशी अभियान के बाद आज क्षेत्र में तीखी दुर्गंध आने पर पुलिस का ध्यान खाई की ओर गया। 80 मीटर नीचे उतरने पर दीपक का शव बरामद हुआ। शव के पास से ही उसका मोबाइल फोन और एक जोड़ी जूते भी मिले हैं। गिरने या किसी अन्य कारण से दीपक का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**पत्नी के बच्चों संग...**पहुंची, जहां वह शव से लिपटकर विलाप करने लगी। पुलिस ने सलीम की मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। उप निरीक्षक राकेश रौकली ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह और स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खुलेआम मुस्लिम...**आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और युवक की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि युवक को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया था। इसी दौरान युवक को पकड़ने के समय कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास द्वारा मुस्लिम समाज के प्रति बहुत ही आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मगर कानून ऐसे नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं दिख रहा है, जिसको लेकर मुस्लिम समाज में रोष है।

**करनी अपनी दोष...**गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है।हालांकि, जिस वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हुआ है, उसमें उनके बयान को बिना किसी विशेष संपादन के प्रसारित किया गया है। ऐसे में उनके आरोपों पर भी सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर लोग लगातार टिप्पणी कर रहे हैं और नेता के रवैये को लेकर नाराजगी जताई जा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस नेता अपनी गलती स्वीकार करने से बचते नजर आ रहे हैं, जिससे विवाद और गहराता जा रहा है।

**मुस्लिम समाज की ...**प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिस पर लोग विभिन्न तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।वहीं, मुस्लिम समाज के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता के उक्त बयान पर सोशल मीडिया में जमकर प्रतिक्रिया देते हुए उसकी निंदा कर रहे हैं।

# अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व धूमधाम से निकली कलश यात्रा

रूद्रपुर। निकटवर्ती ग्राम खानपुर नंबर एक में अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सिर पर मंगल कलश धारण कर प्रतिभाग किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा का ुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ठुकराल ने कहा कि अखंड महानाम संकीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन समाज में शांति, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि संकीर्तन के माध्यम से प्रभु का स्मरण करने से मानसिक शांति मिलती है और



वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। इस दौरान समीर सिकदार, देवदास, सपन विश्वास, विधान मण्डल, किशोर मुनि, अभिषेक राय, सुरेश राय और अंकित बठला, आरूषी, शिल्पी, शिवांगी, सुजाता मण्डल, शिवानी, दीप्ती बाला, सरिता बाला, रूपा बाला, तुलसी राय, जयश्री, राखी सिकदार, रिंकू, करूणा, ज्योति, ममता, पार्वती, खुशी, संजना, पूजा, लक्ष्मी, प्रिया, लिपिका, शांति, संगीता, दीपिका, रीना, सन्नो राय और अंजना मुनि समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं श्रद्धाभाव के साथ सम्मिलित हुईं।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MAKKHAN LAL (पुराना नाम) से बदलकर MAKKHAN LAL BHASKAR (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे MAKKHAN LAL BHASKAR (नया नाम) S/o- RAM DAYAL के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता- R-2343, RUDRA ENCLAVE,FULSUNGA,P.O.-RUDRAPUR,DISTT-U.S. NAGAR, UTTARAKHAND - 263153

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ZAFAR से बदलकर SAYAD MOHD ZAFAR रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

सय्यद मो जफर पुत्र मो.नईम वार्ड 08.किच्छा उधमसिंहनगर


## एक और बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

काशीपुर। अज्ञात चोरों ने गली में खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। बाइक स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पट्टी बज्जर भीम नगर निवासी रमेश सिंह पुत्र राम चरण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने 23 अप्रैल की सुबह करीब 4.30 बजे अपनी बाइक सं. यूके18ए-5418 को टांडा उज्जैन स्थित एक गली में खड़ी कर किसी काम से चला गया। जब वह सुबह 06.30 बजे वापस आया तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'तापमान' के अंगड़ाई लेते ही सूबे में आवश्यक सेवाएं 'धड़ाम'

**बढ़ती गर्मी ने फिर खोली सिस्टम की पूर्व तैयारियों की कलई,यूपीसीएल के पास 5.3 करोड़ यूनिट की वर्तमान मांग के सापेक्ष केवल 4.5 करोड़ यूनिट बिजली ही उपलब्ध, जल संस्थान के पास सामान्य दिनों की 971.91 एमएलडी पेयजल की मांग की तुलना में केवल 678.96 एमएलडी पेयजल सप्लाई की ही क्षमता**

– अर्श–

देहरादून। गर्मी का मौसम आमतौर पर बिजली महकमे एवं पेयजल विभाग के लिए सबसे ज्यादा सरदर्दी वाला साबित होता है। गर्मी के मौसम में अमूमन इन्हीं दोनों विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सबसे अधिक दबाव होता है। जिसके मध्य नजर दोनों ही विभागों द्वारा गर्मी का मौसम आने के पूर्व ही बिजली एवं पानी की संभावित मांग को पूरा करने की पूर्व तैयारियां कर लेने का दावा तो किया जाता है, लेकिन गर्मी के पीक पर आते ही लगभग हर वर्ष ही इन विभागों की तैयारियां नाकाफी साबित होती है और हालात आग लगने पर कुआं खोदने वाले जैसे हो जाते हैं। बात इस साल की करें तो गर्मी के मौसम के शुरुआत में ही सिस्टम की पूर्व तैयारियों की कलई खुलना आरंभ हो गई है। अभी जबकि तापमान ने केवल अंगड़ाई ही ली है, आवश्यक सेवाएं एवं व्यवस्थाएं धड़ाम होती नजर आ रही हैं। प्रदेश में बिजली की मांग तकरीबन 5.3 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई है, जबकि यूपीसीएल के पास बिजली की वर्तमान उपलब्धता केवल 4.5 करोड़ यूनिट की ही है। मांग के सापेक्ष उपलब्धता कम होने के कारण यूपीसीएल पर्वतीय क्षेत्र छोड़कर प्रदेशभर में विद्युत कटौती कर रहा है, जिसके चलते आम लोगों की मुश्किलें खासा बढ़ गई है। ज्ञात हो कि राज्य में एक से 24 अप्रैल के





बीच बिजली की मांग में 90 लाख यूनिट से अधिक का इजाफा हुआ है, जबकि यूपीसी यूपीसीएल के पास मांग के सापेक्ष राज्य पूल से 1.1 करोड़ तथा केंद्रीय पूल से 1.5 करोड़ यूनिट बिजली मिलकर केवल 2.7 करोड़ यूनिट बिजली ही उपलब्ध है। हालात इतने कठिन है कि करीब 1.5 करोड़ यूनिट बिजली बाजार व 34 लाख यूनिट बिजली अन्य माध्यमों से लेने के बाद भी यूपीसीएल केवल 4.6 करोड़ यूनिट बिजली ही जुटा पा रहा है। बिजली की इस भीषण किल्लत के चलते यूपीसीएल ने अब केंद्र सरकार के समक्ष 150 मेगावाट बिजली प्रदान किए जाने की मांग रखी है। इसके अलावा यूपीसीएल उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग से अनुमोदन प्राप्त कर ऊर्जा एक्सचेंज के माध्यम से किफायती दरों में अग्रिम विद्युत क्रय की व्यवस्था के लिए भी हाथ पांव मार रहा है। आगामी एक से 15 मई 2026 के लिए 100 मेगावाट व 16 से 31 मई 2026 के लिए 225 मेगावाट बिजली खरीदी की योजना है। कुछ ऐसे ही हालात कमोबेश जल संस्थान के भी हैं। गर्मी के शुरुआती तेवर देख कर जल संस्थान के हाथ पांव अभी से इसलिए फूले हुए हैं, क्योंकि उत्तराखंड में सामान्य दिनों में ही करीब 971.91 एमएलडी पेयजल की मांग रहती है, जबकि मांग के मुकाबले उत्पादन केवल 678.96 एमएलडी ही हो पाता है। जाहिर है कि उत्तराखंड में सामान्य परिस्थितियों में ही पेयजल की मांग और आपूर्ति के बीच में बड़ा अंतर रहता है। लिहाजा गर्मी के मौसम में आपूर्ति पेयजल आपूर्ति गड़बड़ाने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि तापमान बढ़ने के साथ साथ ही पानी की खपत भी तेजी से बढ़ती है। उधर राज्य का जल संस्थान विभाग अभी भी मुगालता पाले हुए हैं और पेयजल आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने पर सतत निगरानी का दावा कर रहा है। जल संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक एसके गुप्ता के अनुसार, पेयजल संकट से निपटने के लिए जल संस्थान और संबंधित विभागों द्वारा कई स्तरों पर काम किया जा रहा है। छोटे–छोटे लेकिन प्रभावी उपायों के जरिए स्थिति को संभालने की कोशिश की जा रही है। हैंडपंपों में मोटर लगाकर पानी की उपलब्धता बढ़ाने की योजना पर काम किया जा रहा है। जिससे कम जलस्तर वाले क्षेत्रों में भी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा जलाशयों तक पानी। पहुंचाने के लिए पंपिंग सिस्टम को भी मजबूत किया जा रहा है।ग्रामीण इलाकों में टैंकर से पानी पहुंचाना हर जगह संभव नहीं होता। ऐसे में स्थानीय स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जैसे छोटे जल संग्रहण टैंक, वर्षा जल संचयन और स्रोत संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। विभाग का कहना है कि गर्मियों के दौरान पेयजल आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# जनता भाजपा की झूठ परोसने की कला को समझ चुकी : गोदियाल

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूती का दिया संदेश**

सितारगंज।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने रविवार को सितारगंज में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि मुख्यमंत्री के कथनानुसार प्रदेश की डेमोग्राफी चेंज हो रही है तो इसके जिम्मेदार का पता लगाने के लिए आयोग का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की झूठ परोसने की कला को समझ चुकी है। अब जवाब देने के लिए तैयार है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल का सितारगंज पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। करन गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता, बीएलए सम्मलेन में गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर चलती है। लेकिन झूठ पर चलने वाली भाजपा के एक झूठ में वर्ष 2022 में कांग्रेस सरकार नहीं आई। कार्यकर्ता को झूठ का पर्दाफाश करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि सीएम को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, युवाओं की समस्या, किसान, मजदूरों समेत पलायन आदि विषय पर चर्चा करनी चाहिए और समाधान निकालना चाहिये, लेकिन सीएम डेमोग्राफी चेंज की बात करते हैं। कुमाऊं में 55 शराब की नई दुकानें खोलीं। खनन का काम दक्षिण भारत की कंपनी को दिया। राज्य के युवा रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। राज्य में अंडर टेबल काम हो रहे हैं। काशीपुर के किसान को आत्महत्या करनी पड़ी।



अंकिता बहिन को न्याय नहीं मिला। तानाशाही और भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को बदलने के लिए बीएलए को एसआईआर में वोट काटने और जोड़ने पर नजर रखने की नसीहत दी। कहा कि बूथ जीतकर सीट जितानी होंगी। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने सरकार से मांग की कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 70 सीटों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। यहां नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक नारायण पाल, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत राणा, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, हरपाल सिंह, करन जंग, नारायण बिष्ट, सुरेंद्र सिंह, रामनगीना प्रसाद, हरीश दुबे, बिपिन खोलिया, बलवंत बोरा, मुगनी अहमद, सुमित्तर भुल्लर, गुरसेवक सिंह मोहार, आजम मलिक, शाकिर अली बब्बू, नरेंद्र आर्या, रेखा सोनकर, त्रिनाथ विश्वास मौजूद रहे।

# जनगणना के लिए मकान सूचीकरण का कार्य शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊं मंडल एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने अवगत कराया है कि भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत गणना टीम द्वारा घर घर जाकर भवन गणना का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने मंडल वासियों से अपील करते हुए कहा कि गणना कार्मिकों के पास अपना सरकारी पहचान पत्र होगा जिसे नागरिक सत्यापित भी कर सकते हैं।आयुक्त ने बताया कि गणना टीम द्वारा प्रत्येक घर से कुछ आवश्यक जानकारियां और सूचनाएं ली जाएंगी। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि टीम द्वारा मांगी जा रही सूचनाएं उन्हें अवश्य उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना के दौरान कार्मिक भवनों पर मार्किंग या कोई नंबर भी डाल सकते हैं। नागरिकों को इसका विरोध करने के बजाय इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में पूरा सहयोग करना चाहिए।कुमाऊं आयुक्त ने जनता की सुविधा के लिए जानकारी दी कि यदि जनगणना के संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना लेनी हो तो टोल फ्री नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। यह नंबर प्रात: 9 बजे से सायं 6 बजे तक कार्य करेगा। उन्होंने सभी से इस सुविधा का लाभ लेते हुए जनगणना कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।




# नानकमत्ता साहिब पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, गुरुद्वारे में मत्था टेक की प्रदेश में खुशहाली की कामना

नानकमत्ता। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पवित्र स्थल नानकमत्ता साहिब पहुंचकर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मत्था टेकते हुए प्रदेश की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उनके आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सभी से गुरु नानक देव के बताए सत्य, सेवा, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिख धर्म की मूल भावना मानवता की सेवा और सभी धर्मों के प्रति सम्मान का संदेश देती है, जिसे अपनाकर समाज में एकता और सौहार्द को और मजबूत किया जा सकता है, इस अवसर पर, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, नवतेज पाल सिंह, पूर्व विधायक नारायण पाल, पूर्व विधायक चंपावत हेमेश खर्कवाल रामनरेश राणा, जेल सिंह, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह करनावल, सुरेंद्र सिंह करनावल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने गुरुद्वारा परिसर में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की उन्नति की कामना की।

